# कार्यालय सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी।

पत्रांकःउ–4 / 2014 दिनांकःदिसम्बर , 2014

## निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश पीएसी के प्रयोगार्थ वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु निम्नलिखित बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड क्रय हेतु दो–दो प्रतियों में टेक्निकल एवं फाइनेन्सियल बिड अलग–अलग मोहरबन्द आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | उपकरण का नाम | कुल मात्रा | धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) | टेण्डर फार्म का मूल्य | | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नकद | बैंक ड्राफट | |
| 1 | **बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड** | 500 | रू0 18000 / – | रू0 500 / – | रू0 575 / – | 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी |

1. उपरोक्त उपकरणों की आपूर्ति हेतु इच्छित निविदादाता दिनांक 22–12–2014 से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी से निविदा फीस रू0 500 / – (रूपये पॉच सौ मात्र) नकद जमा करके निविदा फार्म मय टेक्निकल / फाइनेसियल बिड के नियम व शर्ते तथा उपकरण का तकनीकी स्पेसिफिकेशन प्राप्त कर सकते है। सम्बन्धित फर्म निविदा फार्म की निर्धारित धनराशि का बैंक ड्राफट रूपये 575. / – (रूपये पॉच सौ पच्हत्तर मात्र) सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी के पक्ष में भेजकर डाक से भी प्राप्त कर सकते है।
2. निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.uppolice.nic.in एवं निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट www.upgov.nic.in से भी डाउनलोड की जा सकती है, लेकिन टेण्डर जमा करने के साथ रूपये 500 / – का बैंक ड्राफट सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी के पक्ष में संलग्न करना होगा।
3. निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी से टेलीफोन नं0 05248–221567 तथा मोबाइल नं0 9454418839 पर प्राप्त की जा सकती है।
4. प्रत्येक निविदा के साथ उपकरण के सम्मुख दर्शाई गई अर्नेस्ट मनी (EMD) जमा की जायेगी, जो NSC/डिमाण्ड ड्राफट / बैकर चेक / काल डिपोजिट रिसीट (Call Deposit Receipt) के रूप में सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी के पक्ष में बनवाकर प्रस्तुत की जायेगी।
5. अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंषिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकृत करने हेतु सक्षम होंगे। अधोहस्ताक्षरी को क्रय किये जाने वाले उपकरणों की संख्या घटाने, बढाने का भी अधिकार होगा।
6. उक्त विज्ञप्ति उ0प्र0 पुलिस विभाग की वेबसाइट www.uppolice.nic.in व सूचना विभाग की वेवसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।
निविदा जमा करने व खोलने हेतु समय–सारणी निम्नवत निर्धारित की गयी हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित किये जाने की तिथि | – | दिनांक 22–12–2014 से |
| 2. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | – | दिनांक 12–01–2015 अपरान्ह 1300 बजे तक |
| 3. | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | – | दिनांक 12–01–2015 अपरान्ह 1400 बजे |
| 4. | तकनीकी समिति की बैठक एवं उपकरणों के प्रदर्शन की तिथि | – | दिनांक 13–01–2015 पूर्वान्ह 1200 बजे |
| 5. | अर्ह पायी गयी फर्मो की फाइनेन्सियल बिड खोले जाने की तिथि | – | तकनीकी समिति की आख्या प्राप्त होने पर निर्धारित की जायेगी, तदनुसार फर्मो को सूचित कर दिया जायेगा। |
| 6. | क्रय समिति की बैठक की तिथि | – | उपरोक्तानुसार। |

सेनानायक,
10वीं वाहिनी पीएसी,
बाराबंकी / अध्यक्ष क्रय समिति

COTTON JACKET WITH ANTI TRAUMA PAD (BODY PROTECTOR WITH TWO SHIN & ELBOW GUARD)

FEATURE OF COTTON JACKET (BODY PROTECTOR)

The Jacket should be designed to protect the upper torso from blunt force trauma without hindering mobility during tactical and riots situation.

**SPECIFICATION**

Physical protection against projectiles encountered in RIOT situation and other policing functions.

= Special fire retardant, high impact resistance, rubber inserts.

= Cloth jacket made of good quality fire retardant drill cotton as per IS,177-1989 variety No 3 (with latest amendment if any), in khaki with camouflage pattern.

= Special 5mm SF 40(Low density) unbreakable polymer sheets for front & back pouch with trauma pads.

= Impact attenuation above 80%

= Ergonomic designed for maximum wearing comfort.

= Design ensures restrain free movement.

= Long shelf life light weight.

TECHNICAL DATA

-Length

-Front-80 cm.

-Rear-65cm

-Shoulder-60 cm.

-Pocket size 28 cm. x 33 cm.

Total length 145 cm

-Weight 2.4kg ($\pm$5%)

Note-Variation in measurement up-to one c.m. acceptable.

FEATURES OF SHIN & ELBOW GUARD

It should provide ample protection without hindering mobility during tactical and riots situation. The shin/elbow guard should consist of 2 mm unbreakable SF 40 (low density) polymer sheets with 10 mm PU foam encased in fire retardant medium khaki drill cotton as per IS 177-1989 variety No 3 (with latest amendment if any with adjustable velcro straps. Light weight & one size fit to all.

TECHNICAL DATA

SHIN GUARD

-Length-38cm

-width-21cm

-Weight (pair) 400gms (±5%)

ELBOWGUARD

- Length-36cm
- width-21cm
- weight-160 gms (±5%)

Commandant
10th BN PAC
BARABANKI

**(टेक्निकल बिड)**

**निविदा हेतु आवेदन–पत्र**

सेवा में,

अध्यक्ष क्रय समिति/
सेनानायक,
10वीं वाहिनी पीएसी,
बाराबंकी।

महोदय,

मैने बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड की आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँः–

| क्र0 | उपकरण का नाम | कुल मात्रा | धरोहर राशि | तकनीकी विशिष्टियॉ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बाडी प्रोटेक्टर<br><br>(Body Protector) | 500 | | FEATURES OF BODY PROTECTOR<br><br>SPECIFICATION<br><br>TECHNICAL DATA |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | शिन गार्ड<br><br>(SHIN GUARD) | | | FEATURES OF SHIN GUARD<br><br>SPECIFICATION<br><br>TECHNICAL DATA |
| 3 | एल्बो गार्ड<br><br>(Elbow Guard) | | | FEATURES OF ELBOW GUARD<br><br>SPECIFICATION<br><br>TECHNICAL DATA |

1. आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उक्त उपकरण के लिए निविदा में अंकित धरोहर राशि के रूप में सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी के पक्ष में देय NSC/बैंक ड्राफट/बैंकर चैक संख्या ................ दिनांक................... संलग्न है।
2. प्रकाशित निविदा सूचना में अपेक्षित मूल अभिलेख निविदा खुलने के उपरांत क्रय समिति के समक्ष प्रस्तुत करूँगा।
3. इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना संख्याः .............................. दिनांकित .......... में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरण का विवरण तथा उपकरण से संबंधित नियम एवं शर्तो का गहनतापूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते बिना किसी आपत्ति के स्वीकार हैं।
4. आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के वित्तीय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबन्ध पर आधारित है।
5. क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पेसिफिकेशन युक्त उपकरण की निविदा प्रस्तुत की जा रही है।
6. नोट– यदि निविदादाता के पास उपर्युक्त स्पेसिफिकेशन के अतिरिक्त अन्य कोई विवरण उपलब्ध हो तो उसका विवरण निविदा आवेदन पर या अपने लेटरपैड पर अंकित कर प्रेषित कर सकते हैं।

दिनांक–

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम

एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्री कर

का पंजीकरण संख्या

(फाइनेन्सियल बिड)

## निविदा हेतु आवेदन–पत्र

सेवा में,

**अध्यक्ष क्रय समिति/**
**सेनानायक,**
**10वीं वाहिनी पीएसी,**
**बाराबंकी।**

महोदय,

मैने बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड की आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में आपके स्तर से प्रकाशित निविदा सूचना का अध्ययन किया एवं बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँः–

| **क्र0 सं0** | **उपकरण का नाम** | **कुल मात्रा** | **उत्पादक इकाई का नाम एवं उपकरण का मैक/माडल संख्या** | **उपकरण का मूल्य (का रहित)** | **उपकरण पर अपेक्षित करों की धनराशि** | **उपकरण शुद्ध मूल्य (समस्त करों सहित)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड | 500 | | | | |

1. इस निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न निविदा सूचना संख्याः ................................... दिनांकित ...................... में क्रय हेतु प्रस्तावित उपकरण का विवरण तथा उपकरण से संबंधित नियम एवं शर्तों का गहनतापूर्वक अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते बिना किसी आपत्ति के स्वीकार है।
2. आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरणों के वित्तीय बिड में अंकित मूल्य बाजार भाव/दर अनुबन्ध पर आधारित है।
3. क्रय हेतु प्रस्तावित एवं निर्धारित स्पंसिफिकेशनयुक्त उपकरण की निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

दिनांक–

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम

एवं व्यापार कर/आयकर/बिक्री कर

का पंजीकरण संख्या

# <u>चेक लिस्ट</u>

<u>फर्म का नाम</u>

| क्र0सं0 | विवरण | हॉ/नहीं | पेज संख्या (कहॉ से कहॉ तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | क्या तकनीकी स्पेसिफिकेशन/मॉडल संलग्न है ? | | |
| 2 | क्या धरोहर धनराशि (ईएमडी) संलग्न है ? | | |
| 3 | क्या सीएसटी/यूपीटीटी पंजीकरण प्रमाण–पत्र संलग्न किया है ? | | |
| 4 | क्या आयकर सम्बन्धी पेन नम्बर/टेन नम्बर संलग्न किया है ? | | |
| 5 | क्या सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र संलग्न किये है ? | | |
| 6 | क्या फर्म, निर्माता/विक्रेता/वितरक है ? | | |
| 7 | फर्म उत्तर प्रदेश राज्य की है या बाहर की ? | | |
| 8 | क्या निविदा प्रपत्र एवं सभी संलग्नकों/अभिलेखों के प्रत्येक पेज पर हस्तााक्षर व सील मोहर अंकित है ? | | |
| 9 | क्या निविदा प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत की है ? | | |
| 10 | क्या विगत 03 वित्तीय वर्षा में सरकारी/अर्द्ध–सरकारी संस्थाओं को इस उपकरण की आपूर्ति किये जाने से सम्बन्धित क्रयादेश व आपूर्ति किये जाने से सम्बन्धित अभिलेख संलग्न है ? | | |
| 11 | क्या सम्पर्क हेतु फर्म का पता, फोन नं0/मोबाइल नं0/फैक्स नम्बर व ई–मेल एड्रेस से सम्बन्धित अभिलेख संलग्न किये गये है ? | | |
| 12 | क्या निविदादाता द्वारा समुचित नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निम्नलिखित बिन्दुओं पर शपथ–पत्र संलग्न किया हैः– | | |
| | (12ए) निविदादाता/फर्म को किसी संस्थान अथवा सरकार द्वारा दिवालिया घोषित नहीं किया गया है। | | |
| | (12 बी) निविदादाता/फर्म को सरकार अथवा किसी अन्य संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। | | |
| | (12सी) निविदादाता/फर्म को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि का होना घोषित नहीं किया गया है। | | |
| 13 | क्या उपकरणों की गारण्टी अवधि का अभिलेख संलग्न है ? | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 | क्या उपकरण के 02 सैम्पिल परीक्षण हेतु उपलब्ध कराये गये है ? | | |
| 15 | क्या आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उपकरण के सैम्पिल की केन्द्र सरकार की विशेषज्ञ प्रयोगशाला / NABL की परीक्षण रिपोर्ट संलग्न की गई है ? | | |
| 16 | क्या फर्म ने विगत 03 वित्तीय वर्षो की वैलेंस शीट / वित्तीय सामर्थ्य (Financial Capacity) का अभिलेख संलग्न किया है ? | | |
| 17 | क्या क्रयोपरान्त सेवायें प्रदान करने व उपकरण के प्रयोगार्थ कन्ज्युमेविल आइटम व स्पेयर पार्ट की आपूर्ति किये जाने हेतु कोई अभिलेख संलग्न किये है ? | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर व पता

# कार्यालय सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी।

पत्रांकःउ–4 / 2014 दिनांकः

**वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड के कय के लिए टेण्डर की शर्ते**

1. उपकरणों की विशिष्टताओं का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगा।
2. अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त निर्धारित निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त अन्य किसी प्रपत्र पर प्रस्तुत निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. निविदा प्रपत्र के दो भाग है। भाग–ए टेक्निकल बिड, भाग–बी फाइनेंशियल बिड। भाग–ए टेक्निकल बिड का प्रयोग उपकरण के तकनीकी विवरण / विशिष्टतायें प्रस्तुत करने हेतु किया जाएगा, जिसके साथ धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट / बैंकर चेक, उपकरण का मॉडल, उसकी विशिष्टतायें, ब्रोशर / लीफलेट्स तथा अधिष्ठान, कयोपरान्त सेवायें, वारण्टी अवधि, वारण्टी अवधि की समाप्ति के उपरांत वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध आदि का विवरण एवं अन्य वांछित प्रपत्र वारण्टी अवधि, वारण्टी अवधि की समाप्ति के उपरांत वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध आदि का विवरण एवं अन्य वांछित प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे। भाग–बी फाइनेंशियल बिड का प्रयोग केवल उपकरण, जिसका विवरण भाग–ए टेक्निकल बिड में अंकित है, का मूल्य अंकित करने हेतु किया जायेगा।
4. निविदादाता द्वारा **टेक्निकल बिड** (उपकरण का तकनीकी विवरण एवं विशिष्टतायें) और **फाइनेंशियल बिड** अलग–अलग सील बंद लिफाफे में दो–दो प्रतियों (Orignal & Duplicate) में प्रस्तुत की जायेंगी। प्रत्येक बिड की मूल प्रति के लिफाफे पर ऊपर की ओर मूल प्रति (Original) तथा द्वितीय प्रति के लिफाफे पर द्वितीय प्रति (Duplicate) अंकित किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक लिफाफे पर ऊपर की ओर निविदाकर्ता का नाम, उपकरण का नाम तथा नोटिफिकेशन संख्या व दिनांक अंकित किया जाना आवश्यक है। प्रत्येक बिड के मूल्यांकन हेतु केवल मूल प्रति का लिफाफा ही खोला जाएगा तथा द्वितीय प्रति के लिफाफे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सील बन्द कर दिये जायेंगे।
5. तकनीकी निविदा खुलने के दिनांक 12–01–2014 से पहले स्पेसिफिकेशन के अनुसार उपकरण के दो सैम्पिल अपेक्षित है। बिना सैम्पिल के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

6ए. टेक्नीकल बिड के साथ निविदा से सम्बन्धित अभिलेख पूर्ण एवं हस्ताक्षरित होने चाहिए किन्तु दरों को उल्लिखित नहीं किया जायेगा।

6बी. निविदादाता स्वयं अपने स्तर से तकनीकी बिड के साथ केन्द्र सरकार की विशेषज्ञ प्रयोगशाला से अपने सैम्पिल का तकनीकी परीक्षण कराकर विशेषज्ञ प्रयोगशाला की इस आशय की परीक्षण आख्या / रिपोर्ट संलग्न करेंगे, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि आपूर्ति हेतु प्रस्तावित बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड उपकरण का सैम्पिल टेण्डर / निविदा में दिये गये स्पेसिफिकेशन के अनुरूप हैं।

7. यदि निविदाकर्ता द्वारा किसी सरकारी / अर्द्धसरकारी / संस्थान को इंगित मॉडल / स्पेसिफिकेशन के उपकरणों की आपूर्ति हाल ही में (Recently) की गई है तो आपूर्ति आदेश की प्रति टेक्निकल बिड के साथ संलग्न की जाये।
8. टेक्निकल बिड की मूलप्रति के साथ निविदा सूचना में अंकित धरोहर धनराशि (Earnest Money) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न है। डी0आई0 कानपुर अथवा डी0जी0एस0 एण्ड डी0 अथवा यू0पी0एस0आई0सी0 अथवा एन0एस0आई0सी0 अथवा किसी अन्य सक्षम संस्था में पंजीकरण के आधार पर धरोहर धनराशि जमा करने से छूट की अपेक्षा करने वाले निविदाकर्ता द्वारा संबंधित प्रधिकारी की ओर से प्रदत्त इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जायेगा।
9. अपूर्ण अथवा वॉछित तकनीकी विशिष्टतायें पूरा न करने वाली अथवा अपेक्षित धरोहर धनराशि (Earnest Money) से रहित निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. निविदादाओं द्वारा टेक्निकल बिड के साथ टेक्निकल प्रमाण पत्र, केन्द्रीय बिकी कर / उ0प्र0 व्यापार कर पंजीकरण प्रमाणपत्र, सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन, आयकर संबंधी पेन नम्बर आदि की सत्यापित प्रति संलग्न की जायेगी।
11. निविदादाता द्वारा उपकरण के निविदा प्रपत्र में अंकित मॉडल हेतु ही निविदा प्रस्तुत की जाएगी। निविदा प्रपत्र में अंकित मॉडल से भिन्न मॉडल हेतु प्रस्तुत निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी। निविदादाता द्वारा उपकरण के प्रश्नगत मॉडल के साथ श्रेष्ठकर विकल्प का उल्लेख निविदा में किया जा सकता है, जिस पर विचार करने का अधिकारी कय समिति को होगा।
12. निविदाकर्ता को निविदा प्रेषित करते समय यह भी प्रमाण–पत्र देना होगा कि वह प्रस्तावित आपूर्ति उपकरण संबंधी फर्म के स्वयं अधिकृत वितरक / विक्रेता है। यदि निविदा में अंकित उपकरण प्रोप्राइटरी आइटम है तो निविदादाता को उसके संबंध में प्रोप्राइटरी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
13. निविदाकर्ता द्वारा फाइनेंशियल बिड में उपकरण का मूल्य, उपकरण पर सभी प्रकार के कर, व्यय, छूट आदि की सम्मिलित करते हुए निश्चित धराशि के रूप में अंकित किया जाएगा। उपकरण की दरें अंको तथा शब्दों में स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। उपकरण की दरें कम से कम छः माह तक स्थिर रहेगी। बिल प्रस्तुत करते समय अथवा भुगतान करते समय केवल निविदा स्वीकार किये जाने के समय तय की गई धनराशि ही देय होगी। अन्य किसी कर / व्यय का भुगतान किसी भी दशा में संभव नहीं होगा।

14. फाइनेंशियल बिड में किसी भी प्रकार की कटिंग/ओवर राईटिंग नहीं होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश फाइनेंशियल बिड में अंकित किसी अंक/शब्द को परिवर्तित/निरस्त करने की आवश्यकता हो तो सम्पूर्ण अंक/शब्द को एक लाईन खीचकर काटते हुए अंक/शब्द को पुनः लिखकर निविदादाता द्वारा अपने हस्ताक्षर किये जायेंगे।
15. निविदादाता को उपकरण के पूर्ण प्रयोग/प्रदर्शन का विस्तृत विवरण अंकित करना चाहिए।
16. निविदादाता, निविदा से संबंधित समस्त अभिलेखों के प्रत्येक पेज पर अपने हस्ताक्षर के साथ, नाम, पद, सील/मोहर एवं पता अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
17. निविदादाता सम्पर्क हेतु अपना टेलीफोन नम्बर, फैक्स नम्बर, ई–मेल पता आदि अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।
18. निविदादाता यह भी अंकित करेंगे कि उनकी फर्म को बिजनेस डीलिंग हेतु किसी सरकारी/प्राइवेट एजेंसी द्वारा डी–लिस्ट/प्रतिबंधित नहीं किया गया है। निविदाता इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे कि उनकी फर्म/कम्पनी का कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है।
19. यदि निविदादाता उपकरणों की आपूर्ति निर्धारित समय (Delivery Time) के अन्दर नहीं करते है तो उनसे उपकरणों के कुल मूल्य का 02 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से Liquidated Damages DGS&D Manual के पैरे 15.7 एवं DGS&D-68 (Revised) के पैरा 14(7(1) के अनुसार चार्ज किया जायेगा।
20. समस्त निविदाकर्ताओं हेतु यह अनिवार्य होगा कि पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कम से कम कुल 10,000 उपकरणों की आपूर्ति सम्बन्धित निविदाकर्ता द्वारा सरकारी संस्थान को की गयी है।
21. निविदा में यह स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक कि उपकरण के प्रयोगार्थ कन्ज्युमेबल आयटम्स तथा स्पेयर पार्टस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।
22. निविदादाता द्वारा उपकरण की वारण्टी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी, वारण्टी की सीमा तथा क्रयोपरांत सेवाओं का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। आपूर्तिकर्ता फर्म/अभिकर्ता, आपूर्ति किये जा रहे उपकरण के उपयोग के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देने के लिए भी बाध्य होंगे। यदि वारण्टी अवधि में किसी उपकरण में कोई दोष उत्पन्न होता है तो आपूर्तिकर्ता द्वारा 72 घण्टे के भीतर दोष निवारण किया जाएगा अथवा स्टेण्डबाई व्यवस्था की जाएगी अथवा नया उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण क्रयोपरान्त सेवायें तथा वारण्टी संबंधी सभी सुविधायें सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी के कार्यालय में प्रदान की जाएगी।
23. वारण्टी अवधि के उपरान्त निर्धारित दर एवं शर्तो/प्रतिबन्धों के अन्तर्गत आवश्यकता पडने पर वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध किया जा सकता है।
24. सम्बन्धित फर्म द्वारा तकनीकी बिड खोले जाने के दिनांक 12–01–2015 से पूर्व दो–दो सेट बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड टेस्टिंग के लिए उपलब्ध कराये जायेंगे, जिनकी टेस्टिंग केन्द्रीय सरकार की विशेषज्ञ प्रयोगशाला से टेस्टिंग आवश्यकता पडने पर करायी जा सकती है। टेस्टिंग का शुल्क संबंधित फर्म द्वारा वहन किया जायेगा। जिन फर्मो की टेक्निकल बिड स्वीकार नहीं की जायेंगी, उनके बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड तत्काल वापस कर दिये जायेगे तथा शेष बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड_टेस्टिंग रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात वापस किये जायेंगे।
25. निविदा दिनांक 12–01–2015 को समय 1300 बजे तक प्राप्त की जाएगी। निविदायें दिनांक 12–01–2015 को निविदादाताओं/उनके अभिकर्ताओं के समक्ष 1400 बजे खोली जाएेंगी।
26. निविदा डाक द्वारा भी भेजी जा सकती है परन्तु किसी भी माध्यम से भेजी गई निविदा का निर्धारित समय सीमा के उपरान्त पहुचने का उत्तरदायित्व पूर्णरूपेण निविदादाता पर होगा। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त निविदा पर किसी भी प्रकार से विचार किया जाना सम्भव न होगा।
27. निविदा खोले जाने की तिथि दिनांक 12–01–2015 को समय 1400 बजे पहले टेक्निकल बिड खोली जाएगी। टेक्निकल बिड का मूल्यांकन एवं उपकरण के प्रदर्शन का कार्य दिनांक 13–01–2015 को समय 1200 बजे सम्पन्न किया जायेगा। टेक्निकल बिड एवं उपकरण के परीक्षण के दौरान वांछित स्पेसिफिकेशन के अनुरूप पाये गये फाइनेशियल बिड्स निविदादाताओं/उनके अधिकृत एजेंट के समक्ष खोले जायेंगे, जिसकी तिथि व समय की सूचना अलग से प्रेषित की जायेगी।
28. उपकरणों का तकनीकी निरीक्षण कराये जाने में असमर्थ पाये गये निविदादाता की निविदा निरस्त की जायेगी। स्वीकृत निविदाओं का निविदादाओं द्वारा आपूर्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप में रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर क्रय अनुबन्ध किया जायेगा तथा बैंक ड्राफट/सावधि जमा रसीद/एफडीआर/बैंक गारण्टी के माध्यम से उपकरण के मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर धनराशि सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी के पक्ष में बन्धक के रूप में जमा किया जायेगा जो उपकरण/सामग्री की वारण्टी अवधि तक जमा रहेगी तथा इस अवधि में उपकरण/सामग्री के संतोषजनक कार्य करने के उपरान्त आपूर्तिकर्ता फर्म को वापस कर दी जायेगी।
29. यदि किसी कारण से आपूर्ति के श्रोत में टैक्स या ड्यूटी घटती है तो आपूर्तिकर्ता द्वारा मूल्य तद्नुसार घटाया जाएगा।
30. स्वीकृत निविदाओं के निविदादाताओं द्वारा उपर्युक्त अंकित क्रय अनुबन्ध करने के उपरान्त उपकरणों की आपूर्ति/अधिष्ठापन के समय तीन प्रतियों में बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

31ए बाडी प्रोटेक्टर विद शिन एल्बोगार्ड की आपूर्ति क्रयादेश को प्राप्त करने के 30 दिवस के अन्दर करना अनिवार्य होगा।

31बी आपूर्तित किये गये उपकरणों का प्री–डिलीवरी निरीक्षण(पी0डी0आई0) किया जायेगा, जिसमें भौतिक परीक्षण के अतिरिक्त रैण्डम के आधार पर चयनित सैम्पिल का पुनः केन्द्रीय सरकार की प्रयोगशाला से परीक्षण कराया जायेगा, जिसका व्यय फर्म द्वारा वहन किया जायेगा।

1. यदि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर निविदादाता द्वारा क्रय अनुबन्ध/जमानत धनराशि प्रस्तुत नहीं की जाती है अथवा क्रय अनुबन्ध के उपरान्त निर्धारित समय–सीमा में उपकरणों की आपूर्ति/अधिष्ठापन सम्बन्धी कार्यवाही सम्पन्न नहीं की जाती है तो धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी तथा आपूर्तिकता फर्म को काली सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु कार्यवाही की जाएगी।
2. आपूर्ति किये जाने वाले उपकरण के लिए अलग से कोई यातायात, पैकेजिंग तथा इंश्योरेंस व्यय आदि देय नहीं होगे। निर्धारित गन्तव्य स्थानों तक उपकरणों को भेजने तथा उसके प्रतिस्थापन पर होने वाला व्ययभार निविदाकर्ता द्वारा ही वहन किया जाएगा।
3. उपकरण की आपूर्ति/अधिष्ठान के उपरान्त निविदादाता द्वारा आवश्यकतानुसार संबंधित इकाई के कर्मियों को उपकरण के रख–रखाव एवं संचालन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए अलग से कोई व्यय देय नहीं होगा।
4. सभी उपकरणों एवं सहवर्ती उपकर्मिकाओं की आपूर्ति/अधिष्ठान के उपरान्त ही भुगतान किया जाएगा। परिस्थितिवश भुगतान के विलम्ब के लिए कोई ब्याज/अधिभार देय नहीं होगा।
5. कोई भी विवाद जनपद लखनऊ के न्यायिक क्षेत्र में ही विचारणीय होगा।
6. निविदा प्रपत्र में संलग्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों को दृष्टिगत रखते हुए ही निविदा प्रस्तुत की जानी चाहिए। इन शर्तो एवं प्रतिबन्धों को उल्लंघन करते हुए प्रस्तुत की गयी निविदा निरस्त की जा सकती है।
7. टेक्निकल बिड के खुलने के उपरान्त निविदादाता को प्रस्तावित उपकरणों को प्रदर्शित करना होगा तथा उसके टेक्निकल ब्रोशर व केटलाग भी देना होगा।
8. निविदा स्वीकार करने का अंतिम अधिकार क्रय समिति को होगा।

---